(7 pages) **Reg. No. :** ......................................

**Code No. : 30510** **Sub. Code : C 1 HD 21**

U.G. (CBCS) DEGREE EXAMINATION,
APRIL 2023.

Second Semester

Part I – Hindi

ONE ACT PLAY, MODERN POETRY, GRAMMAR, MEDIA AND ADVERTISEMENT COMPREHENSION

(For those who joined in July 2021 onwards)

Time : Three hours Maximum : 75 marks

PART A — (10 × 1 = 10 marks)

सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए। सही उत्तर चुनिए।

1. 'भोर का तारा' एकांकी के लेखक कौन हैं?
   (a) प्रेमचंद
   (b) उदयशंकर भट्ट
   (c) मुक्तिबोध
   (d) जगदीशचन्द्र माथुर

2. उज्जयिनी का कवि कौन है?
   (a) शेखर (b) माधव
   (c) श्रीलाल (d) प्रसाद

3. 'जागो फिर एक बार' के कवि कौन हैं?
   (a) मुक्तिबोध (b) पंत
   (c) निराला (d) अज्ञेय

4. 'वक्त' कविता के लेखक कौन हैं?
   (a) जयशंकर (b) अरुण कमल
   (c) यशपाल (d) दिनकर

5. 'स्थानवाचक क्रिया विशेषण' का उदाहरण चुनिए।
   (a) कल (b) वहाँ
   (c) धीरे धीरे (d) कोमलता

6. 'विस्मयादि-बोधक अव्यय' का उदाहरण चुनिए।
   (a) कम (b) और
   (c) शाबास (d) अब

7. 'विज्ञापन' का अंग्रेज़ी अर्थ क्या है?
   (a) News (b) History
   (c) Science (d) Advertisement



Nesamony Memorial Christian College, Marthandam

8. निम्नलिखित में जन संचार का माध्यम क्या है?

(a) फ्रिज (b) पंखा

(c) घड़ी (d) समाचार पत्र

9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

वैज्ञानिक प्रयोग की सफलता ने मनुष्य की बुद्धि का अपूर्व विकास कर दिया है। द्वितीय महायुद्ध में एटम बम की शक्ति ने कुछ क्षणों में ही जापान की अजेय शक्ति को पराजित कर दिया।

किस युद्ध में एटम बम की शक्ति ने कुछ क्षणों में ही जापान की अजेय शक्ति को पराजित कर दिया?

(a) प्रथम महायुद्ध (b) द्वितीय महायुद्ध

(c) तृतीय महायुद्ध (d) चतुर्थ महायुद्ध

10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

भारतवर्ष अपनी चित्रकला, शिल्पकला और वास्तुकला के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। आगरा में यमुना तट पर स्थित ताजमहल वास्तुकला का एक अद्भुत नमूना है।

ताजमहल किस तट पर स्थित है?

(a) यमुना तट पर (b) गंगा तट पर

(c) कावेरी तट पर (d) गोदावरी तट पर



PART B — (5 × 5 = 25 marks)

सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए, इनमें से किसी एक को चुनना (a) या (b)
प्रत्येक उत्तर 250 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

11. (a) 'दस मिनट' एकांकी का सार लिखिए।

या

(b) 'भोर का तारा' एकांकी में से माधव का चरित्र चित्रण कीजिए।

12. (a) 'कितनी नावों में कितनी बार' कविता का सार लिखिए।

या

(b) कवयित्री 'महादेवी' के बारे में लिखिए।

13. (a) संबंध-बोधक अव्यय के बारे में सोदाहरण समझाइए।

या

(b) विस्मयादि-बोधक के बारे में उदाहरण सहित लिखिए।

14. (a) विज्ञापन की विशेषताएँ लिखिए।

या

(b) 'जन संचार माध्यम' के बारे में लिखिए।



Nesamony Memorial Christian College, Marthandam

15. (a) अपठित गद्यांश (अर्थग्रहण) को हल करने की विधि लिखिए।

या

(b) निम्नलिखित गद्यांश को पढकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

हमारे देश का नाम भारत है। इसकी संस्कृति बहुत पुरानी है। प्राचीन काल में इसे सोने की चिड़िया कहा जाता था। दूर-दूर के देशों के लोग यहाँ व्यापार करने आते थे। इसके उत्तर में हिमालय है, जो दुनिया का सबसे ऊँचा पर्वत है। इसके दक्षिण में विशाल हिंद महासागर है। हिमालय से अनेक पवित्र नदियाँ निकलती हैं। ये नदियाँ देश को हरा-भरा रखती हैं। हमारे देश में छह ऋतुएँ होती हैं। आपसी फूट के कारण हम सैकड़ों वर्षों तक गुलाम रहे। आज हम आज़ाद हैं। भारत में अनेक धर्म और जातियों के लोग रहते हैं। हमें ध्यान रखना चाहिए कि हम पहले भारतीय हैं, फ़िर और कुछ।

(i) प्राचीन काल में भारत को क्या कहा जाता था?

(ii) दूसरे देशों के लोग यहाँ क्या करने आते थे?

(iii) भारत के उत्तर और दक्षिण में क्या-क्या है?

(iv) भारत में कितनी ऋतुएँ होती हैं?

(v) हमें क्या ध्यान रखना चाहिए?



PART C — (5 × 8 = 40 marks)

सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए, इनमें से किसी एक को चुनना (a) या (b)
प्रत्येक उत्तर 600 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

16. (a) 'दस हजार' एकांकी के लेखक का परिचय देकर पाठ का सार लिखिए

या

(b) 'भोर का तारा' एकांकी के लेखक का परिचय देकर एकांकी का सारांश लिखिए।

17. (a) 'जागो फिर एक बार' कविता का सारांश लिखिए।

या

(b) 'वक्त' कविता का सारांश लिखिए।

18. (a) क्रिया विशेषण किसे कहते हैं? उदाहरण देकर समझाइए।

या

(b) समुच्चय-बोधक अव्यय के बारे में विस्तार से लिखिए।

19. (a) जनसंचार की विशेषताएँ लिखिए।

या

(b) विज्ञापन के माध्यम के बारे में लिखिए।



*Nesamony Memorial Christian College, Marthandam*

20. (a) अपठित गद्यांश को बार-बार हल करने से क्या लाभ हैं?

या

(b) निम्नलिखित गद्यांश को पढकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। इसके लिए मनुष्य को मानसिक रूप से और शारीरिक रूप से दोनों ही प्रकार से स्वस्थ होना चाहिए। स्वस्थ मानसिकता ही स्वच्छ समाज को जन्म देती है। मनुष्य की शुद्ध सोच नई खोजों को जन्म देती है। इसका असर केवल व्यक्ति विशेष पर ही नहीं वरन समाज, देश, जाति, सब पर समान रूप से पड़ता है और इसके लिए मनुष्य को पूर्णतया अपनी विचारधारा को विकसित करना होगा। पुरानी परंपराएँ एवं रूढ़ियों का त्याग करके नई विकास पद्धति को जन्म देना होगा।

(i) स्वस्थ मानसिकता किसको जन्म देती है?

(ii) स्वस्थ मस्तिष्क कहाँ रहता है?

(iii) स्वस्थ मस्तिष्क के लिए क्या होना आवश्यक है?

(iv) किनका त्याग करके नई विकास पद्धति को जन्म देना होगा?



*Nesamony Memorial Christian College, Marthandam*